प्रेस विज्ञप्ति

19 **दिसंबर**, 2022

पीएफसी को सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुत लेखों/वार्षिक रिपोर्ट के लिए एसएएफए गोल्ड अवार्ड मिला

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी), एक महारत्न सीपीएसई और विद्युत क्षेत्र में देश की अग्रणी एनबीएफसी, ने 'बेस्ट प्रेजेंटेड अकाउंट्स/एनुअल रिपोर्ट अवार्ड्स' (बीपीए) में वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए 'सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाएँ' श्रेणी में प्रतिष्ठित "साउथ एशियन फेडरेशन ऑफ अकाउंटेंट्स" (एसएएफए) गोल्ड अवार्ड जीता है।

पीएफसी को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार लेखांकन प्रथाओं में उच्चतम स्तर की पारदर्शिता और अंतरराष्ट्रीय फ्रेमवर्क के अनुसार उच्च गुणवत्ता, प्रासंगिक, विश्वसनीय और उद्देश्यपूर्ण वित्तीय विवरणों की प्रस्तुति और प्रकटीकरण में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए दिया गया था।

एसएएफ़ए बीपीए अवार्ड को पूरे दक्षिण एशियाई क्षेत्र में वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार माना जाता है। 1997 में इन पुरस्कारों की शुरुआत के बाद यह पहली बार है कि किसी भारतीय कंपनी ने "सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं" की श्रेणी में 'स्वर्ण' जीता है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि पीएफसी ने पहले वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए 'सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाएं' श्रेणी में वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए आईसीएआई (इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया) पुरस्कार जीता था। वित्तीय रिपोर्टिंग की गुणवत्ता के आधार पर, आईसीएआई हर साल वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के पुरस्कार विजेताओं में से कुछ प्रविष्टियों को एसएएफए को भेजने के लिए चुनता है, जिसमें इस वर्ष पीएफसी भी शामिल है। पीएफसी की वित्तीय स्थिति ने संपूर्ण दक्षिण एशियाई कंपनियों की प्रविष्टियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा की और अंततः जूरी द्वारा उसे विजेता घोषित किया गया।

श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, निदेशक (वित्त), श्री. आर के मल्होत्रा, ईडी (वित्त) और श्री मो. सलीम, जीएम (वित्त), पीएफसी ने 18 दिसंबर 2022 को काठमांडू, नेपाल में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किया।

हस्ता/-

एस.एस.राव

मुख्य महाप्रबंधक (पीआर)